ASSIGNMENT
Class:3; Hindi
पाठ - 2. रूपा डरी नहीं

* इन्हें हिंदी कॉपी में लिखो:-

1.इस पाठ का शब्द - अर्थ लिखो ।

2.प्रश्न - उत्तर (मौखिक):-

क: रूपा कौन - सा खेल खेल रही थी?

उत्तर : रूपा चोर - सिपाही का खेल खेल रही थी।

ख:मनीष के हाथ - पांव किससे बंधे थे?

उत्तर: मनीष के हाथ - पांव रस्सी से बंधे थे।

ग:डाकू को किसने पकड़वाया ?

उत्तर :डाकू को रूपा ने पकड़वाया।

3.प्रश्न - उत्तर (लिखित):-

क: रूपा के क्या - क्या शौक थे?

उत्तर: रूपा को पढ़ने का शौक था। वह खेलकूद में भी चुस्त थी।

ख: मनीष को बंधा देखकर रूपा ने क्या किया?

उत्तर:मनीष को बंधा देखकर रूपा सहम गई।फिर उसने साहस बटोर कर उसके मुंह पर बंधा कपड़ा खोल दिया।

ग: रूपा ने डाकू का मुकाबला कैसे किया?

उत्तर: रूपा ने डाकू का मुकाबला सूझबूझ और साहस से किया।

घ: रूपा द्वारा डाकू को पत्थर मारने पर क्या हुआ?

उत्तर: रूपा द्वारा पत्थर मारने पर डाकू के सिर से खून बहने लगा। उसके आंखों के आगे अंधेरा छा गया और वह गिर पड़ा।